प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

चुनाव आयोग आज झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। आयोग नई दिल्ली में अब से थोड़ी देर बाद 3.30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की घोषणा करेगा। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 5 जनवरी को समाप्त हो रहा है, जबकि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल अगले महीने की 26 तारीख को समाप्त होने वाला है।

****

कांग्रेस पार्टी ने राज्य में समय से पहले चुनाव कराने के आयोग के फैसले पर आपत्ति जतायी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि महाराष्ट्र के साथ झारखंड में चुनाव कराना न्यायसंगत नहीं है।

****

राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी महाराष्ट्र के साथ झारखंड में चुनाव कराये जाने के फैसले पर नाराजगी जतायी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत में चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है।

****

भाजपा ने महाराष्ट्र के साथ झारखंड में चुनाव कराने के फैसले का स्वागत किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को सत्ता जाने का भय अभी से सताने लगा है। यही वजह है कि झामुमो और कांग्रेस चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल उठा रही है।

****

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की कोर कमिटी की आज दिल्ली में बैठक होगी। बैठक में प्रदेश भाजपा के नेताओं के अलावा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। दिल्ली रवाना होने से पहले पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा होने की संभावना है।

****

झामुमो ने भी इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच भी सीट शेयरिंग का फार्मूला तय कर लेने का दावा किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने कहा कि चुनाव तारीखों की घोषणा के तुरंत बाद सीट शेयरिंग का फार्मूला सार्वजनिक कर दिया जायेगा।

****

जदयू नेता सरयू राय ने दावा किया है कि 2024 के विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित है। जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने जनता का विश्वास खो दिया है, जिसका फायदा एनडीए को होने जा रहा है।

****

केन्द्र सरकार ने रांची से गोरखपुर के लिए एक नयी ट्रेन की सौगात दी है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से इस साप्ताहिक ट्रेन का शुभारंभ किया। रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेल की आधारभूत संरचनाओं में लगातार प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी 57 स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

****

हजारीबाग के बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र में आज दीक्षांत परेड समारोह संपन्न हुआ। समारोह में कुल 373 नवआरक्षकों ने देश सेवा की शपथ ली। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महानिरीक्षक के.एस. बनियाल ने सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने नव आरक्षकों को बधाई दी।

****

चतरा के आरा पंचायत की दो दर्जन से अधिक महिलायें सरकारी योजनाओं के माध्यम से स्वावलंबन और विकास की नई कहानी लिख रही हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

मौसम विभाग ने आज पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां जिले में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया का असर राज्य पर दिखायी पड़ रहा है।

*******समाप्त**********